**Seventeenth Loksabha**

an>

**Title: Request for Government intervention in context of border issue between Maharashtra and Karnataka.**

**श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण):** सभापति जी, आप जानते हैं कि महाराष्ट्र और कर्नाटक की सीमा के प्रश्न पर सुनवाई माननीय सर्वोच्च न्यायालय के पास परलम्बित है । इस दौरान दोनों तरफ जो कुछ घटनाएं हुईं, उनके बारे में हमारे आदरणीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने दोनों मुख्य मंत्रियों को बुलाकर अमन बरकरार रखने की सूचना दी थी ।

उस सूचना के मुताबिक दोनों तरफ शांति थी । पिछले कई सालों से जब अधिवेशन होता है, तो वहां पंडाल में प्रदर्शन करने की अनुमति थी । वह परमिशन अचानक कल रद्द कर दी गई । कल वहां विधान सभा के अधिवेशन के समय प्रदर्शन के समय पंडाल तोड़ा गया और महाराष्ट्र एकीकरण समिति के लोगों को अरेस्ट किया गया और उसके बावजूद उन्होंने एक और सूचना जारी की कि महाराष्ट्र के किसी भी नेता को कर्नाटक में आने के लिए प्रतिबंधित कर दिया । यह कांस्टीट्यूशन पर हमला है और सबसे बुरी बात यह है कि हमारे आदरणीय गृह मंत्री जी ने जो सूचना दी थी, उस सूचना का पालन न करके उनकी बात को अवमानित किया जा रहा है ।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री उनकी सूचना का पालन नहीं करते हैं । हम इसका तीव्र निषेध करते हैं और अपेक्षा करते हैं कि जल्द से जल्द केंद्र सरकार को इंटरवीन करना चाहिए । माननीय गृह मंत्री जी इस पर इंटरवीन करें और उनकी सुरक्षा बरकरार रखें ।... (व्यवधान)